# वागड़ संदेश

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-264 सागवाड़ा, सोमवार, 13 जून, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## खेतों में काम कर रहे 14 साल के बच्चे की सांप के डसने से मौत

### डॉक्टर ने मृत घोषित किया तो भोपे से करवाया झाड़ फूंक

**डूंगरपुर।** खेतों में खाद डालने गए एक 14 साल के बच्चे की सांप के काटने से मौत हो गई।

डॉक्टरों ने मृत घोषित करने के बाद भी परिजन भोपे को बुलाकर झाड़ फूंक करवाते रहे।

सदर थाना क्षेत्र के सतीरामपुर गांव में हुरमा कोटेड की पत्नी लाली, बेटा अर्जुन कोटेड और बेटी निशा आज सोमवार सुबह से समय खेतो में खाद डालने का काम कर रहे थे। उसी समय कूड़े ओर झाड़ियों के बीच से निकले किसी जहरीले जानवर ने उसके हाथ पर डस लिया। जिससे उसके हाथ पर झनझनी हो गई और खून निकलने लगा। अर्जुन के चिल्लाते ही मां लाली दौड़ पड़ी, लेकिन जहर फैलने से वह बेहोश होकर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही दूसरे घर पर बैठे पिता हुरमा कोटेड खेतो में आए। बेसुध हालत में अर्जुन को हॉस्पिटल लेकर आए। डॉक्टर ने जांच के बाद शव को मोर्चरी में रखवाया। परिजनों ने एक भोपे को बुलाया। भोपा हॉस्पिटल के मोर्चरी में आकर झाड़ फूंक किया और फिर परिजनों को 15 मिनट तक इंतजार करने के लिए बोला। इसके बाद परिजन शव के सामने ही बैठे रहे, लेकिन भोपे की कही बात का कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद परिजनों ने सदर थाना पुलिस को सूचना दी। सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पिता हुरमा कोटेड को रिपोर्ट पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

## कुंए में महिला का शव मिलने क्षेत्र में सनसनी फैली

**डूंगरपुर।** जिले के सागवाडा थाना क्षेत्र में एक कुंए में महिला का शव मिलने क्षेत्र में सनसनी फैल गई । पुलिस के अनुसार सागवाड़ा शहर के वसलवारी कुंए में एक महिला का शव मिलने की सूचना मिली । जिसपर सगववाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची ओर शव को कुंए से बाहर निकलवाया । शव की शिनाख्त सागवाड़ा कटारवाड़ा निवासी उषा डाबी के रूप में हुई। मृतका के पति भूरा डाबी ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया की उसकी पत्नी उषा डाबी (34) विगत दो वर्ष से बीमार थी तथा दिमागी हालत से कमजोर थी। उषा अपने पियर उपला चौक में रह रही थी। शनिवार दोपहर करीब तीन बजे शोच का जाने का कहकर घर से निकली थी शाम तक वापस नहीं आई।

जिसपर पति एवं आसपास की रिश्तेदारों ने ढूंढा लेकिन कहीं उषा का पता नहीं चला। सोमवार सुबह में उषा का शव वसलवारी कुँए में मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को सगववाड़ा राजकीय चिकित्सालय रखवाया। परिजनों के रिपोर्ट देने के बाद मृतका का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है ।

## बेकाबू होकर 7 फीट के गहरे गड्ढे में पलटा क्वार्ट्ज पत्थरों से भरा डंपर

### ड्राइवर की नीचे दबने से मौत, जेसीबी से डंपर ऊंचा कर निकाला शव

**डूंगरपुर।** क्वार्ट्ज पत्थरों से भरा एक डंपर कुंआ गांव के पास बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में डंपर का ड्राइवर नीचे दब गया। जेसीबी से डंपर को ऊंचा कर उसे बाहर निकाला, लेकिन ड्राइवर की मौत हो गई थी। कुंआ थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया की क्वार्टज पत्थरों से भरा एक डंपर आज सोमवार सुबह गुजरात की ओर जा रहा था। कुंआ गांव से आगे निकलते ही दरियाटी रोड पर घुमावदार मोड़ में बेकाबू होकर 7 फीट की गहरी खाई में पलट गया। इससे डंपर का ड्राइवर नीचे दब गया। एक्सीडेंट होते ही मौके पर लोगो की भीड़ इकट्ठी हो गई। सूचना पर कुंआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। डंपर में भरा क्वार्ट्ज पत्थर बिखरा पड़ा था, लेकिन कोई घायल या शव मौके पर नही मिला। इस पर पुलिस ने जेसीबी बुलाकर डंपर को ऊंचा किया तो नीचे दबा ड्राइवर का शव मिला। शव को बाहर निकालने के बाद उसकी पहचान गणेश (22) पुत्र कचरू निवासी बारिया थाना अरथूना बांसवाड़ा के रूप में की गई। इसके बाद पुलिस ने शव को कुंआ हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। परिजनों के आने के बाद ही पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। थानाधिकारी ने बताया की डंपर में भरा क्वार्ट्ज पत्थर बांसवाड़ा के पालोदा से भरकर गुजरात ले जा रहे थें।

## JEN 50 हजार की रिश्वत लेते ट्रेप

**जयपुर।** जयपुर एसीबी ने आज शिक्षा संकुल में समग्र शिक्षा अभियान में तैनात जेईएन को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी 5 लाख रुपए के बकाया बिलों और डिफेक्ट लाईबिलिटी के भुगतान की एवज में 1 लाख 28 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा था। आरोपी पूर्व में भी पीड़ित से 26 हजार रुपए रिश्ववत के ले चुका था। आज 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए आरोपी को शिक्षा संकुल में गिरफ्तार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर एसीबी मुख्यालय लाया गया है। जहां उससे पैसों की बंदर बांट कहां होने वाली थी इस सम्बंध में पूछताछ की जा रही है। एसीबी के एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि आरोपी ज्ञानप्रकाश शुक्ला पुत्र अतरलाल के निवास प्लॉट नं0 4, शान्ति नगर, 132 केवी जीएसएस, पुराने घाट के सामने गोनेर रोड़ में भी एसीबी की टीम के द्वारा सर्च किया जा रहा है। परिवार के लोगों से सम्पत्ति का ब्यॉरा भी लिया जाएगा। एसीबी के अधिकारियों ने बताया कि जब पीड़ित एसीबी मुख्यालय पहुंचा तो उसने बताया कि आरोपी जेईएन उसे परेशान कर रहा है।

## समाज में फेल रही कुरीतियों को जड़ से खत्म करने के लिए पहला हथियार शिक्षा :प्रवीण गोवाड़ी



**सागवाड़ा।** श्री गुजराती पाटीदार युवा सेवा समिति चौखला नंदोड़ के 10 गांवों की बैठक गामड़ा ब्रामणिया हुई। जिला मंत्री व चौखला प्रवक्ता दिनेश पाटीदार डेचा ने बताया बैठक में युवाओं को समाज हित में विचार रखने के लिए खुला मंच दिया गया।

बैठक चौखला अध्यक्ष बंसीलाल पाटीदार गामड़ा ने दसों गांवों के नवमनोनित अध्यक्षों का स्वागत उपरणा ओढ़ाकर समस्त ग्रामीण गामड़ा गांव की तरफ से किया । महामंत्री प्रवीण गोवाड़ी ने समाज में फेल रही कुरीतियों को जड़ से खत्म करने के लिए पहला हथियार शिक्षा को बताया। गांव नवाचार करते हुए बोर्ड क्लास के बच्चों को निशुल्क पढ़ाना, समाज के दसों गांवो में लाइब्रेरी खोलने व हाइटेक डिनर, प्रिवेडिंग, हल्दी सेरेमनी जैसे फूहड़ कार्यक्रम नही कराने की बात कही ,चोखले के संरक्षक नाथूलाल वनोरी ने युवाओं को सरकारी नोकरी के साथ-साथ व्यवसाय में भी रुचि रखने की बात कही, समाज के आगेवान अगर समाज के नियमो का पालन नहीं करते तो उन्हें पद पर नही रहना चाहिए, वासुदेव गोवाड़ी ने बाल विवाह व कन्या विक्रय करने वाले के वहां भोजन नहीं खाने की बात कही व सात चोखलो के साथ सामंजस्य बनाकर युवाओं को आगे आने का आह्वान किया ,चोखले में जो भी बेटियां अपने पियर है उन्हें वापस समझाईश कर ससुराल रखने पर चर्चा की ।। पंकज गामड़ा ने समाज मे युवाओं की भागीदारी व समाज की समितियों में चोखले के युवाओं की उचित भागीदारी की बात की ।। अरविंद जी विराट ने शिक्षा व संस्कार दोनों युवाओं में जरूरी बताया ।

जगदीशजी व नटवरलालजी नंदोड़ ने चोखले द्वारा युवाओं को उचित सुविधा मुहैया कराने व समय समय पर मार्गदर्शन शिविर आयोजित करने की बात कही। दीपक गोवाड़ी ने डूंगरपुर हॉस्टल के जर्जर भवन को ठीक करवाने व बढाई गई फीस वापस कम करने की बात कही। संचालन चौखला अध्यक्ष बन्सी लाल पाटीदार गामडा ने व आभार कमलेश पाटीदार गामड़ा ने किया।

## राजस्थान में ट्रांसफर-पोस्टिंग का खेल, कांग्रेस नेता कर रहे वसूली

**सीकर।** सीकर के खंडेला में SDM ऑफिस में वकील के सुसाइड प्रकरण को लेकर भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि वकील के सुसाइड करने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है, लेकिन इसके पीछे एक इनसाइड स्टोरी है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में ट्रांसफर-पोस्टिंग का खेल चल रहा है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तहसीलदार और SDM लगाने की एवज में कांग्रेस के नेता अधिकारियों से वसूली कर रहे हैं। सभी जगहों पर तहसीलदार और SDM की लगाने की राशि भी फिक्स कर रखी है।

कांग्रेस के नेता 5 से 10 लाख रुपए लेकर तहसीलदार की नियुक्ति करवा रहे हैं तो 10 से 20 लाख रुपए लेकर SDM लगा रहे हैं। अब ऐसे में आमजन को न्याय कैसे मिलेगा।

## भाजपा युवा मोर्चा ने निकाली वाहन रैली



**सागवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा नित केंद्र सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा संगठन एवं गरीब कल्याण सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा युवा मोर्चा सागवाड़ा द्वारा वाहन रैली निकाली गई। कार्यक्रम प्रभारी दशरथ खटिक व नयन कटारा के नेतृत्व में वाहन रैली महिपाल खेल मैदान से शुरू होकर नगर के बैंक तिराहा से कलालवाड़ी होते हुए पोल का कोठा, भावसारवाड़ा, सलाटवाड़ा होते हुए सेवकवाडा, जूना मंदिर ,कंसारा चौक, मांडवी से गोल चौराहा होते हुए वापस महिपाल खेल मैदान पहुची जहाँ रैली का समापन हुआ। भाजपा सरकार की लाभकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा लोगो के लाभान्वित करने के उद्देश्य से 31 मई से 15 जून तक पखवाड़े में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है और इसी के तहत सोमवार को वाहन रैली निकाली गई। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण सोनी, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष नारायणलाल दर्जी, गलियाकोट प्रधान जयप्रकाश पारगी, नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट, नेता प्रतिपक्ष हरीश सोमपुरा, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र परमार, सिद्धनाथ मंडल महामंत्री लोकेश ननोमा, सामलिया सरपंच कमल, युवा मोर्चा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जिंतेंद्र सिंह चौहान, उत्तर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह पडोली, चितरी मंडल अध्यक्ष यश सुथार, सिद्धनाथ मंडल अध्यक्ष विकास उपाध्याय, मयूरराज सिंह मांडव, नगर अध्यक्ष प्रियंक भासरिया, सोशल मीडिया विधानसभा संयोजक लक्ष्यराज शर्मा, नगर महामंत्री नीरज पंचाल, नगर कार्यक्रम प्रभारी नानालाल दर्जी, सह प्रभारी नरेंद्र गोवाड़िया, कुतुबुद्दीन कोठी, आबेद बाशी, मनोज कंसारा, ग्रामीण मंडल महामंत्री वासुदेव पाटीदार, प्रकाश डेन्डोर, ओबरी मंडल प्रवासी प्रदीप गामोट, नगर उपाध्यक्ष कांतिलाल खटिक, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री यशवंत गवारिया, युवा मोर्चा नगर महामंत्री भावेश माली, मयंक सेवक, प्रकाश भट्ट खड़गड़ा अनुसूचित जाति मोर्चा नगर अध्यक्ष जगदीश मोची, ओबीसी मोर्चा ओबरी मंडल अध्यक्ष नाथूलाल पाटीदार, जन जाति मोर्चा नगर अध्यक्ष वासुदेव अहारी, लक्ष्य पंचाल, शिवांग पंवार, लालशंकर सरपोटा, विक्की जोशी, मोहनपाल सिंह रातड़िया, जिगर खटिक, दक्ष यादव, कौशिक पंचाल, पार्षद मंगलेश वाडेल, राधेकृष्ण टेलर सहित सागवाड़ा विधानसभा के युवा मोर्चा एवं मंडल के कई पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सत्ता में रहकर मलाई खा सकते हैं तो अपने नेता के लिए डंडे क्यों नहीं:डोटासरा



**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कांग्रेस नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि जब सत्ता में रहकर मलाई खा सकते हैं तो क्या अपने नेता के लिए डंडे नहीं खा सकते। हमें संकल्प लेना होगा कि डंडे खाने पड़े तो खाएंगे, जेल जाना पड़े तो जाएंगे। राहुल गांधी ने नोट बंदी, पेगासस को लेकर पहले भी चेतावनी दी थी। हमारे नेताओं, कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के संदेश को अनसुना किया। इसके कारण ही हमारे सर्वोच्च नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी को गिरफ्तार करने की साजिश कर रहे हैं। आज कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को एक संकल्प लेना पड़ेगा कि जेल भरनी हैं, लाठियां खानी हैं, डंडे खाने हैं। डोटासरा जयपुर में श्वष्ठ (एनफोर्समेंट डायरेक्ट्रेट) ऑफिस के बाहर पार्टी के धरने में बोले रहे थे। धरना से कई नेता और कार्यकर्ता उठकर जाने लगे, उसको देखकर डोटासरा के भाषण में तल्खी देखी गई। सोमवार को डोटासरा ने कहा- मोदीजी के पेगासस से कोई नहीं बचा हुआ ?है। आज पत्नी अपने पति से क्या बात कर रही है, एक मंत्री दूसरे मंत्री से क्या बात कर रहा है, मुख्यमंत्री किसी केंद्रीय मंत्री से क्या बात कर रहा है, एक नेता दूसरे नेता से क्या बात कर रहा है, इन सबकी जासूसी हो रही है। डोटासरा ने कहा- RSS और BJP कोबरा हैं। अब उन्होंने %पीवणा% सांप का रूप ले लिया है। कोबरा डंसता है, तो आदमी बचता नहीं है, लेकिन पीवणा सांप वह होता है, जो चुपके से आता है और रात को सोते हुए आदमी की सांस पीकर निकल जाता है। डोटासरा ने कहा- राहुल गांधी को बाइज्जत छोड़ दिया गया है। इसके बाद धरना खत्म होता है। अगर राहुल गांधी को दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा तो दोबारा कांग्रेस धरने-प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि 1 घंटे के नोटिस पर धरना-प्रदर्शन के लिए सभी को तैयार रहना है। कांग्रेस के धरने-प्रदर्शन, आंदोलन और गिरफ्तारियों की यह ताकत है।

## राजस्थान के नगर नियोजन का देश ने माना लोहा

**जयपुर।** राजस्थान के नगर नियोजन क्षेत्र में किए गए कार्यों को देशभर में पहचान मिली है। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में 15 से 17 जून तक होने वाली नेशनल कांफ्रेंस में मुख्य सचिव उषा शर्मा नगर नियोजन के नवाचारों का प्रजेंटेशन देंगी।

## राजस्थान में प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी: डॉ. सतीश पूनियां

### डॉ. सतीश पूनियां और राजेन्द्र राठौड़ ने कहा, हम संकल्प लेते हैं कि 2023 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में

**जयपुर, दूदू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 8 साल के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के उपलक्ष्य में भाजपा प्रदेश के सभी जिलों में किसान सम्मेलन व जन-कल्याणकारी योजनाओं को लेकर पार्टी के सभी मोर्चा कार्यक्रम कर लाभार्थियों से संवाद कर रहे हैं।

इसी उपलक्ष्य में जयपुर संभाग में भाजपा ने दूदू में विशाल किसान सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, जयपुर जिला प्रमुख रमा देवी, अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी इत्यादि ने संबोधित किया। किसानों ने डॉ. सतीश पूनियां और राजेन्द्र राठौड़ को हल भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। डॉ. पूनियां ने किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों को उन्नत बीज से लेकर फसल के उचित मूल्य तक आर्थिक उन्नति के साथ आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और इसी का नतीजा है कि खरीफ और रबी की फसलों की खरीद के लिए समय-समय पर मोदी सरकार समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी कर रही है, जो किसानों की दोगुनी आय करने के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

डॉ. पूनियां ने कहा कि, मोदी सरकार राजस्थान से लेकर देश के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि से संबल दे रही है और वहीं राज्य की कांग्रेस सरकार किसान कर्जमाफी और जमीनों की नीलामी के नाम पर किसानों के साथ



धोखा व वादाखिलाफी कर रही है। मोदी सरकार युवाओं को स्किल डवलेपमेन्ट और स्टार्ट-अप के माध्यम से आत्मनिर्भर बना रही है, जिससे युवा स्वयं मजबूत होने के साथ-साथ अन्य युवाओं के लिए भी नौकरियों के अवसर पैदा कर रहे हैं और वहीं राज्य की अशोक गहलोत सरकार के शासन में न तो युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के मामलों से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड किया जा रहा है, इससे भी आगे बढ़कर कांग्रेस सरकार पेपर लीक करने वाले गिरोहों को राजनीतिक संरक्षण भी दे रही है। राजेन्द्र राठौड़ ने किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि, मोदी सरकार किसानों सहित सभी वर्गो की उन्नति के लिए कार्य कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम राजस्थान सहित पूरे देश में दिखने को मिल रहे हैं। फसलों की दोगुनी कीमत करने, युवाओं को व्यवसाय से जोडने, श्रमिकों को सक्षम बनाने इत्यादि जन-कल्याणकारी योजनाओं से आधुनिक भारत का निर्माण हो रहा है।

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार के शासन में बहन-बेटियों पर अत्याचार, किसानों से वादाखिलाफी, बिजली कटौती, पेपर लीक इत्यादि हो रहा है, इन जन विरोधी कार्यों से परेशान होकर राजस्थान की जनता कांग्रेस को 2023 में हमेशा के लिए विदा करने को तैयार है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां और हम सब मिलकर यह संकल्प लेते हैं कि 2023 में प्रचंड बहुमत की भाजपा की सरकार राजस्थान में बनाएंगे। किसान सम्मेलन में एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष जितेन्द्र मीणा, अल्पसंख्यक प्रदेशाध्यक्ष एम सादिक खान, विधायक कन्हैयालाल चौधरी, जिला प्रभारी व पूर्व विधायक शत्रुघ्न गौतम, पूर्व विधायक प्रेम बैरवा, पूर्व विधायक लक्ष्मीनारायण, जयपुर देहात दक्षिण जिलाध्यक्ष रामानंद गुर्जर, टोंक जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा इत्यादि उपस्थित रहे।